हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 12 नवंबर 2025


तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री


13 अग्रवाल धर्मशाला नवीनीकरण के लिए सांसद...





14 गुरु तेग बहादुर ने मानवता व धर्म की रक्षा के...




## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**कैथल।** गांव बरोट में हुए सड़क हादसे में एक बाइक चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। डेरा बरोट के बलबीर सिंह ने ढांड पुलिस को शिकायत में बताया कि 7 नवंबर को जब उसके मामा अजमेर सिंह निवासी शामली जिला करनाल बाइक पर सवार होकर गांव बरोट से जा रहे थे तो एक अज्ञात कर चालक ने उन्हें अपनी चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### हर्ष फायरिंग करने वाले पर मामला दर्ज

**जींद।** बैरागी धर्मशाला में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से घायल हुए युवक के मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है। राम कालोनी निवासी वकील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत आठ नवंबर को बैरागी धर्मशाला मे विवाह कार्यक्रम था। शादी में हर्ष फायारिंग करने वाले का फायर मिस हो गया। इसमें गोली उसकी जांघ में जा लगी। गोली चलाने वाले व्यक्ति की पहचान भिवानी निवासी देवपाल के रूप में हुई।

### इंटर हाउस हिंदी भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**जींद।** नेशनल एजूकेशन डे के उपलक्ष्य में अहिरका गांव के आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें हर हाउस के बच्चों ने भाग लिया। विकास शर्मा, नवनीत सिंह और सुमन पंघाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही बढिया प्रदर्शन किया। इसमें अंश प्रथम रही। आराधना द्वितीय व खुशी तृतीय व मनप्रीत, लक्ष्य और भूमिका ने सांत्वना स्थान में स्थान प्राप्त किया।

### गिरफ्तारी की मांग को लेकर डीएसपी से मिले

**जींद।** हेमंत हत्या के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन डीएसपी से मिले। डीएसपी के बाहर जाने के चलते रीडर से मिले। हेमंत के परिवार से उनकी मां पुष्पा, पिता सुरजीत सिंह, बहन वंशिका, मौसी ऊषा, मौसी प्रमिला व मौसी का लड़का अजय, भिवानी गांव से कुलदीप, जसमत, बिजेंद्र, कर्ण सिंह, भांता नंबरदार, रमेश फौजी, सतीश, रामहेहर मौजूद रहे।

### किशोर की मिली डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट

**जींद।** जिले में डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। मंगलवार को भी एक डेंगू से संक्रमण का मामला स्वास्थ्य विभाग को मिला। सफीदों में 10 वर्षीय बच्चे की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव मिली है। इससे पहले सोमवार को भी तीन डेंगू के मामले सामने आए थे। अब जिला में डेंगू पॉजिटिव की संख्या बढ़ कर 82 हो गई है।

## तुरंत प्रभाव से हटवाई बस और खाली करवाया पूरा स्टैंड

# कैथल बस स्टैंड पर संदिग्ध सूटकेस से मच गया हड़कंप

*पुलिस छावनी में तब्दील हुआ बस स्टैंड, बम होने की अफवाह से थमी सांसे, सूटकेस से निकले कपड़े*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शहर के नए बस स्टैंड के पूछताछ केंद्र के पास मंगलवार दोपहर को मिले संदिग्ध सूटकेस से अफरा-तफरी मच गई। सूटकेस बम होने की अफवाह फैलते ही बस स्टैंड पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन बस स्टैंड के परिसर को खाली करवाया गया तथा वहां खडी बसों को दूर हटवाया गया।

सूचना मिलते ही मौके पर सिविल लाइन थाना पुलिस, सीआईए वन टीम और एसडीयू की टीम पहुंची। देखते ही देखते पूरा बस स्टैंड पुलिस छावनी में तबदील हो गया। बम की सूचना के बीच बस स्टैंड से चलने वाली कैथल डिपो की बसों की आवाजाही करीब एक घंटे तक बिल्कुल रोक दिया गया। करीब 40 मिनट के बाद एसडीयू की टीम डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते को लेकर पहुंची। जब इन दोनों टीमों ने अपनी पूरी जांच पड़ताल की तो सूटकेस में केवल किताबें और कपड़े मिले। इसके बाद बस स्टैंड पर मौजूद सभी पुलिस टीम के जवानों, कर्मियों और यात्रियों ने राहत की सांस ली।



**कैथल।** बस स्टैंड पर मिले लावारिस सूटकेस को साइड में ले जाकर जांच करते पुलिस कर्मचारी तेल प्रोसेस संयंत्र। *फोटो: हरिभूमि*

### अब आगामी कार्रवाई होगी

एसडीयू टीम के इंचार्ज जसवंत सिंह ने बताया कि उन्हें बस स्टैंड पर एक संदिग्ध सूटकेस होने की सूचना मिली थी। यहां पर अफवाह फैली की इसमें बम हैं, लेकिन इसके बाद पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते के साथ जांच की गई, लेकिन बम होने की अफवाह गलत मिली। सूटकेस को कब्जे में ले लिया गया और अब आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### ढाई बजे तक अटकी रहीं सांसे

> टीम ने सूटकेस खोला तो इसमें कपड़े और कुछ किताबें मिलीं

नया बस स्टैंड के पूछताछ केंद्र के पास बनी सीढ़ियों के पास मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे को कोई अज्ञात काले रंग का सूटकेस यानी अटैची छोड़ गया। इसके बाद एक रोडवेज कर्मी ने इस सूटकेस को देखा। इस रोडवेज कर्मी ने अपने स्टाफ के अन्य साथियों को जानकारी दी। फिर पुलिस चौकी के कर्मियों को सूचना दी और मौके पर डायल 112 की टीम पहुंची। इसके बाद बस स्टैंड पर काउंटरों पर लगी सभी बसों को हटवा दिया और यात्रियों को बस स्टैंड इंचार्ज के परिसर में आने से मना किया गया। बस स्टैंड पर बसों के इंतजार में खड़े यात्रियों को परिसर से दूर रहने बारे कहा गया। कुछ ही समय में वहां पर सिविल लाइन थाना और सीआईए टीम पहुंची। इस टीम के सदस्यों ने सीढ़ियों से करीब 100 मीटर तक घेरा बंदी की। यहां पर न तो रोडवेज कर्मियों को आने दिया और न अन्य किसी व्यक्ति को। दोपहर करीब ढाई बजे एसडीयू की टीम डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते के साथ पहुंची। इनके पहुंचने के बाद सूटकेस को ट्रैफिक पार्क की तरफ बनी खाली जगह में ले जाया गया। यहां पर टीम ने सूटकेस खोला तो इसमें कपड़े और कुछ किताबें मिली।

### दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद अलर्ट पर जुलाना पुलिस

**जुलाना।** दिल्ली में सोमवार शाम लालकिले के पास हुए बम धमाके की घटना के बाद जुलाना में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है। जिले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और कानून.व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पौली गांव के पास हाइवे 352 पर नाका लगा कर आने-जाने वाले वाहन की जांच कर रही हैं। विशेष रूप से संदिग्ध वाहनोंए लावारिस सामान और व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है ताकि किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियों या संदिग्ध वस्तुओं का तुरंत पता लगाया जा सके। पुलिस द्वारा काली फिल्म लगी गाड़ियों की चेतावनी देकर फिल्म उतवाई गई। नाके पर पुलिसकर्मी बारीकी से वाहनों की डिक्की और अंदरूनी हिस्सों की जांच कर रहे हैं।



**जींद।** पौली गांव के पास वाहनों की जांच करते जुलाना पुलिस। *फोटो: हरिभूमि*

## सार्वजनिक स्थानों पर सर्च अभियान

# पुलिस ने स्टेट तथा नेशनल हाईवे पर बढ़ाई चौकसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मे बम धमके के चलते अर्लट पर चल रही पुलिस ने स्वेट टीम, स्नीफर डॉग व अन्य संसाधनों से लैस होकर बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, बाजार में सघन सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान कुछ संदिग्ध नही मिला। स्टेट तथा नेशनल हाईवे पर चौकसी को कडा कर दिया गया है। पुलिस टीमों ने लोगों से अपील की कि संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई देने पर तुरत पुलिस को सूचना दें। दिल्ली बम धमाके के बाद से अलर्ट पर चल रही जिला पुलिस ने अपने अपने इलाकों में सर्च अभियान चलाया। जिसमें थाना प्रभारी के अलावा चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ अपने अपने इलाकों में अभियान मे शामिल हुए। विशेष कर नेशनल तथा स्टेट हाईवे पर कडी चौकसी को रखा गया। नाके लगाकर वाहन की तलाशी ली गई और उनके दस्तावेज जांचने के बाद उसमे सवार लोगो से भी पूछताछ की गई।

### लोगों से सहयोग की अपील की

> बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, बाजार में चलाया अभियान, लोगों को किया जागरूक

सर्च अभियान के दौरान पुलिसबल ने लोगों को लगातार जागरूक भी किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि संदिग्ध वस्तु को न छुए। संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधी दिखाई देने पर तुंरत पुलिस को सूचना देने को कहा। सूचना के साथ तुरत मौके पर मिलेगी। उन्होने लोगो से अफवाहो से भी दूर रहने का कहा। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि पुलिसबल पूरी तरह अर्लट पर है। चौकसी को बढा दिया गया। लगतार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अपील की लोग संदिग्ध वस्तु तथा व्यक्ति दिखाई देने पर तुरत पुलिस को सूचना दे। लोग अफवाहो ने ध्यान न देकर कानून व्यवस्था मे सहयोग करें।

# रेलवे जंक्शन पर जीआरपी और आरपीएफ कर्मियों का सर्च अभियान

**जींद।** दिल्ली में सोमवार देर शाम लाल किला के पास एक कार में हुए धमाके के बाद रेलवे जंक्शन पर जीआरपी व आरपीएफ कर्मियों ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया। सोमवार रात को नौ बजे के बाद जींद जंक्शन पर आने वाले ट्रेनों में डाग स्क्वायड टीम के साथ पुलिसकर्मियों ने जांच अभियान चलाया। रात को बीकानेर स्पेशल एक्सप्रेस, पंजाब मेल, धोलाधार एक्सप्रेस, गांधीनगर कैपिटल एक्सप्रेस में यात्रियों के सामान की जांच की गई। इसके अलावा मंगलवार को हिमसागर, गंगानगर एक्सप्रेस, जींद-रोहतक पैसेंजर व जींद-दिल्ली डीएमयू ट्रेनों में भी पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध व्यक्तियों की पकड़ के लिए जांच अभियान जारी रखा। रेवले जंक्शन परिसर में कमांडो टीम ने जांच के दौरान एक यात्री से पूछताछ कि वह कहां से कहां आया है और कहां जाना है। इसके बाद उसके बैग की मेटल डिटेक्टर से जांच की। इसके अलावा बस स्टैंड परिसर में कमांडो जवानों ने सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने दिल्ली की ओर जाने वाली बसों में जांच की। इस दौरान सिविल लाइन थाना से भी टीम थाना प्रभारी पूजा देवी के नेतृत्व में बस स्टैंड पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने यात्रियों से अपील कि बसों में बैठते समय अपनी सीट के नीचे देखें कि कोई लावारिस सामान ना हो। हालांकि जांच के दौरान दोनों जगह कोई संदिग्ध व्यक्ति सामान नहीं मिला।



ट्रेनों में डाग स्क्वायड टीम के साथ पुलिसकर्मियों ने की सामान की जांच

### रोडवेज महाप्रबंधक ने दिए निर्देश

रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन ने भी चालक व परिचालकों को निर्देश दिए कि वे बस में संदिग्ध व्यक्तियों या सामान पर नजर बनाए रखें और अगर कोई संदिग्ध सामान दिखाई देता है तो तुरंत इसकी सूचना बस स्टैंड में पुलिस चौकी के कर्मचारियों को दें। कमांडो जवानों ने नागरिक अस्पताल में भी सर्च अभियान चलाया। जवानों ने इमरजेंसी के बाहर रखे मरीजों के सामान की मेटल डिटेक्टर से जांच की। इसके बाद टीम अस्पताल की नई बिल्डिंग में पहुंची और यहां मुख्य गेट के पास एक बैग में रखा सामान खोलकर रखा। बैग के अंदर कुछ पाइप रखी हुई थी। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि सुरक्षा की दुष्टि से पुलिस द्वारा यह जांच अभियान चलाया जा रहा है। आमजन से भी सहयोग की अपील है कि वह सतर्क रहें। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या सामान दिखाई दे तो पुलिस को सूचना दें।

### स्वैट टीम, स्नीफर डाग के साथ फिल्ड में उतरी पुलिस, संदिग्धों से भी पूछताछ की

मंगलवार कोजिला पुलिस ने स्वैट टीम, स्नीफर डाग तथा उपकरणों से लैस होकर बस अड्डा, रेलवे स्टेशन तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सर्च अभियान चलाया गया। बस तथा ट्रेनो को खगाला गया। यात्रियों के सामान को जांचा गया और सामान के बारे मे पूछताछ की गई। टीम ने बाजार में भी दस्तक दी। संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की गई। व्यापक स्तर पर चले अभियान के दौरान कुछ संदिग्ध नही मिला। जिस इलाके मे सर्च अभियान चला उस इलाके की टीमे अभियान मे शामिल होती रही।





### महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन ने मनाया 15वां स्थापना दिवस

# हस्ताक्षर अभियान से दिया सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा की अग्रणी सामाजिक संस्था महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन ने अपना 15वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और सामाजिक समर्पण के साथ मनाया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। स्थापना दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज में फैली बुराइयों को समाप्त करने और जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। संस्था में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने इस अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपने विचार स्लोगन के रूप में लिखे। रिया का स्लोगन सर्वश्रेष्ठ चुना गया। जिसे प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को निशुल्क किताबें भी वितरित की गईं। इस अवसर पर साइकोलॉजिस्ट किरण सिंधु, आईटी हेड अंकिता खटकड़ सहित संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन अध्यक्ष राजकुमार भोला ने कहा कि यह 15 वर्ष केवल एक संस्था की यात्रा नही बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन और शिक्षा के प्रसार की दिशा में सतत प्रयासों का प्रतीक हैं।



### महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलें

संगठन ने सदैव महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते हुए समाज में जागरूकता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और स्वावलंबन की भावना को सशक्त किया है। साइकोलॉजिस्ट किरण सिंधु ने कहा कि आज के युग में बच्चों और युवाओं को केवल तकनीकी ज्ञान ही नही बल्कि मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की शिक्षा भी देना उतना ही आवश्यक है।

### मार्केट कमेटी चेयरमैन ने की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से मिलते मार्केट कमेटी उचाना चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।

**उचाना।** मार्केट कमेटी उचाना चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। चेयरमैन ने कहा कि आज हरियाणा विकास, रोजगार, फसलों को एमएसपी पर खरीदने सहित अन्य कामों में नंबर वन पर है। सीएम नायब सिंह सैनी ने जो वादे किए है उनको पूरा वो कर रहे है। भाजपा के राज में ही गरीब परिवार के युवा पढ़ाई के बूते पर बड़े-बड़े पदों पर नौकरी लगे। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में उचाना का विकास तेजी से हो रहा है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की नीतियों को आज सीएम नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे है। देश के पीएम नरेंद्र मोदीए प्रदेश में सीएम नायब सिंह सैनीए उचाना में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की लोकप्रियता का डंका बच रहा है।

### नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगा किया काम



**जींद।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन ने मंगलवार को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) की सीधी भर्ती के निर्णय पर चिकित्सकों ने रोष जताते हुए काले बिल्ले लगा काम किया। एसोसिएशन का कहना था कि स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय ने पहले उन्हें आश्वासन दिया था कि एसएमओ की सीधी भर्ती नहीं की होगी बल्कि विभागीय पदोन्नति के आधार पर नियुक्ति होगी अब निदेशालय ने एसएमओ की सीधी भर्ती करने का निर्णय लिया है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि यदि एसएमओ की सीधी भर्ती की जाती है तो वर्तमान में कार्यरत चिकित्सकों की पदोन्नति रुक जाएगी। फैसले के विरोध में चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगा कर काम करते हुए विरोध जताया है। बुधवार को मांगों को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में डा. जितेंद्र, डा. संदीप ढांडा, डा. संदीप मलिक, डा. प्रवीण, डा. अजय, डा. रविंद्र मलिक, डा. प्रदीप, डा. प्रिया, डा. अनु, डा. रश्मि मौजूद रही। नागरिक अस्पताल में हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन की रोष बैठक जिला प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा की अध्यक्षता में हुई।

# धान स्टॉक का भौतिक सत्यापन शुरू खामियां मिलने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरिभूमि में 10 नवंबर के अंक में राइस मिलर आढती सरकार को लगा रहे चूना। लंबी तान का सोए विभाग के अधिकारी, कैथल पहुंच रहा यूपी बिहार का धान। निसिंग से वापस किए सैकडों वाहन शीर्षक से प्रकाशित समाचार पर जिला प्रशासन हकरत में आया। प्रशासन ने जहां सोमवार को कैथल एसडीएम अजय सिंह ने नाकों का निरीक्षण किया तो वहीं राइस मिल का निरीक्षण भी किया गया था। नाकों पर पुलिस को दिशा-निर्देश दि गए थे तो वहीं मंगलवार को डीसी प्रीति द्वारा सभी राइस मिलों के भौतिक सत्यापन करवाने के आदेश दिए हैं। इस आदेश से राइस मिलरों व आढतियों के पसीने छूटते नजर आ रहे हैं।



राइस मिलर-आढ़ती सरकार को लगा रहे करोड़ों का चूना

### यह है पूरा मामला

बता दें कि कैथल में पिछले करीब 15 दिनों से बडे पैमाने पर उत्तरप्रदेश व बिहार से धान आ रहा था जो अनाज मंडियों के माध्यम से सरकारी एजेंसियों को बेचा जा रहा था। इससे जहां एक ओर राइस मिलर व आढती मिलकर करोडों कमा रहे थे तो वहीं वे सरकार को भी टैक्स के रूप में लाखों का चूना लगा रहे थे। हरिभूमि द्वारा इस मामले को प्रमुखता से उठाया था।

### डीसी ने चार विशेष टीमें गठित कीं



डीसी प्रीति।

हरिभूमि इंपेक्ट

डीसी प्रीति ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्रशासन द्वारा चार विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सहित अन्य एजेंसियों के अधिकारी, राजस्व विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य आवंटित धान के स्टॉक का मिलान मिलों के पास मौजूद वास्तविक स्टॉक और उनके कागजी रिकॉर्ड से करना है। जांच में राइस मिल में कागजी रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में अंतर या गंभीर खामियां पाई जाती हैं, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अदालत ने हत्या मामले में 3 आरोपियों को सुनाई उम्रकैद

**कैथल।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. अमित कुमार गर्ग की अदालत ने हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए दोषी पाए गए तीन आरोपियों प्रवीन उर्फ बिन्नी निवासी वीर-बांगड़ा हाल रामगढ़ रोड कलायत, शुभम निवासी चन्दाना, तथा कमल निवासी लांबा खेड़ी को उम्रकैद कारावास एवं प्रत्येक को 1-1 लाख जुर्माना की सजा सुनाई है।

> **कोर्ट ने 1-1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया**

डीएसपी बीरभान ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 जुलाई 2020 की शाम मृतक राजबीर उर्फ बिट्टू राणा निवासी कलायत अपने खेत से मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था, तभी अभियुक्तों ने मोटरसाइकिल पर उसका पीछा कर गोलियां मारकर हत्या कर दी। इस संबंध में मृतक के भाई नवनीत की शिकायत पर थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच सीआईए-1 कैथल द्वारा की गई थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को काबू कर अदालत में विस्तृत चार्जशीट प्रस्तुत की। मामले में लोक अभियोजन पक्ष मुकेश कुमार द्वारा न्यायालय में गंभीरता व मजबूती से पैरवी की गई। माननीय अदालत ने प्रमाण एवं साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जबकि इसी मामले में आरोपी सुनील, हंसराज व राजू को बरी कर दिया गया है।

# सीएचसी अलेवा में पहला सफल ऑपरेशन, स्वस्थ लड़की का जन्म

- परिवार के चेहरे पर मुस्कान और दिल में उम्मीद की नई रोशनी दिखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नागरिक अस्पताल जींद की सिविल सर्जन डा. कोहाली के दिशा निर्देशानुसार अलेवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (एफआरयू) पर पहली बार सफल आपरेशन हुआ है। जिसमें लोहचब निवासी नैना ने एक स्वस्थ लड़की को जन्म दिया। इस आपरेशन से परिवार के चेहरे पर मुस्कान और दिल में उम्मीद की एक नई रोशनी दिखी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलेवा के प्रभारी डा. जितेंद्र ने कहा कि ऐसे मामलों में मां और बच्चे की सेहत को लेकर सतर्कता बरतनी होती है। यह गर्भावस्था उच्च जोखिम वाली श्रेणी में आती है। आपरेशन की प्रक्रिया स्पाइनल एनेस्थीसिया से लेकर सुरक्षित डिलीवरी तक विशेषज्ञता व टीमवर्क की मांग करती है।



### पूरे स्टाफ की मेहनत के बाद हो पाया सफल आपरेशन

सिविल अस्पताल की डा. नैन्सी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलेवा (एफआरयू)में इस सर्जरी को सफलता पूर्वक अंजाम दिया। डा. अजय ने एनेस्थीसिया की बारीकियों को संभालते हुए आपरेशन को सहज बनाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही नर्सिंग स्टाफ से सीनियर नर्सिंग आफिसर रेखा, रीना, कर्मजीत, अनिल तथा सपोर्टिंग स्टाफ से वार्ड सर्वेंट मोनिका चहल,स्वीपर पूनम समेत टीम के अन्य सदस्यों ने भी अपना शत-प्रतिशत समर्पण दिखाया। डा. जितेंद्र ने बताया कि अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलेवा प्रथम रेफरल यूनिट में गर्भवतियों के सफल आपरेशन होगें। जिसमें नागरिक अस्पताल जींद से प्रशिक्षित स्टाफ उपस्थित रहेगा।

# ओपीडी और दवा खिड़की पर ऑनलाइन एंट्री शुरू



- स्वास्थ्य विभाग ने 2.70 लाख रुपये से बदले खराब बैटरी सेट
- ऑनलाइन सिस्टम ने काम करना किया शुरू, मरीजों को राहत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मंगलवार से ओपीडी पर्ची ऑनलाइन कटनी शुरू हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने 2.70 लाख रुपये की लागत से खराब बैटरी सेट बदल दिए। जिससे अब कंप्यूटर सिस्टम पहले की तरह काम करने लगे हैं। ऑनलाइन सिस्टम शुरू होने से कंप्यूटर आपे्रटरों ने भी राहत की सांस ली है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 1800 तक की ओपीडी होती है। अस्पताल सुबह नौ बजे खुलता है। अस्पताल खुलने से पहले ही मरीज आना शुरू हो जाते हैं। एक सप्ताह पहले कंप्यूटर सेट चलाने के लिए रखी गई बैटरियां जवाब दे गई थी। जिसके चलते सिस्टम ठप हो गया था। मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने मैनुअल पर्ची काटना शुरू कर दिया था।

### अब ऑनलाइन काटी जा रही दवा पर्ची : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि कंप्यूटर सेट चलाने के लिए बैटरी खराब थी। जिन्हें बदलवा दिया गया है। अब पहले की तरह ही ऑनलाइन ओपीडी स्लिप काटी जा रही हैं।



## तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

लाइफ Style

## नोरा
### संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही अपने बेहतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती है। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।



हॉलीवुड मसाला



## कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



## वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्सः स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



## एसएसएमबी-29 का पहना गाना रिलीज

**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



## प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



## आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

### इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।



इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

## सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।



### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

## ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन





**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

### हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

## 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी

***नई दिल्ली।*** *अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। हीरो की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिवॉल्वर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

**खबर संक्षेप**

### होटल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथल।** पुलिस थाना सिविल लाइन कैथल द्वारा वेश्यावृति करवाने के आरोप में एक होटल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में महिला थाना कैथल की पीएचसी सुमन ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 नवंबर को पुलिस की टीम द्वारा मिली सूचना के आधार पर कैथल के सर छोटू राम चौक करनाल रोड के निकट फाइव स्टार होटल में छापेमारी की थी। छापेमारी में तीन महिलाएं तथा दो पुरुषों को संदिग्ध हालत में काबू किया था।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कैथल ।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान सेरधा निवासी मनी राम के रूप में हुई। मृतक के भाई विक्रम की शिकायत पर थाना राजौंद में अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज किया गया है। मृतक के भाई विक्रम ने बताया कि उसका भाई 34 वर्षीय मनी राम वह असंध में काम करता है। सोमवार देर रात नौ बजे भी बस में बैठकर गांव सेरधा आया था। जब वह बस से उतरकर अड्डा के पास से घर जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### जूडो चैंपियनशिप में आरती तीसरे स्थान पर

**कैथल ।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज जूडो पुरुष एवं महिला वर्ग चैंपियनशिप में आईजी महिला कॉलेज की छात्रा आरती ने तीसरा स्थान पाया। यह प्रतियोगिता 7 नवंबर को विवि परिसर में आयोजित की गई थी। इसमें आरती ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 48 किलोग्राम भार वर्ग में यह स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आरती ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल कॉलेज बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

### पूंडरी में हुई मारपीट में दो पक्षों के दो घायल

**कैथल।** कैथल के कस्बा पूंडरी में हुई मारपीट में दो परिवारों की एक महिला व एक व्यक्ति घायल हो गए। पहले पक्ष की महिला रीना ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 नवंबर को सायं करीब 6:00 बजे बिंदु, साहिल, आरती दास, सागर, विकी, सुभाष, सूरज, देशराज, कुलदीप, राजेंद्र, शशिकांत, विक्की, अनित, संजीव, कृष्णा, मोनू, प्रिंस, अमन, शिवचरण, राजेश, पोनी, राजा, पेरिस, सावक, सिंदर, बादल, साहिल, राकेश, प्रिंस ने उनके घर में घुसकर उसके पति गुलाब सिंह के साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### युवती से दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** युवती के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले की जांच थाना सीवन एसएचओ एसआई सुनीता की अगुवाई में एएसआई सुरेंद्र कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव डोहर निवासी शुभम को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बताया कि थाना सीवन अंतर्गत क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति की शिकायत अनुसार 20 मई 2024 को उसकी करीब 19 वर्षीय पुत्री को उक्त आरोपी के साथ कहीं चली गई थी। पुलिस द्वारा युवती बरामद की जा चुकी है। आरोपी द्वारा उसके साथ दुराचार किया गया था।

### खंड स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरहदा ब्लॉक राजौंद में खंड स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिता जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ एससीईआरटी गुरुग्राम के सौजन्य से जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित करवाई जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य रवि कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान प्रवक्ता सुनील कुमार, अमित कुमार, सोनू राम सहित समस्त सदस्यगण मौजूद रहे।प्रतियोगिता में कक्षा 9 व 11 के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

---

#### इंटर-स्टेट व इंटर डिस्ट्रिक्ट नाकों पर व्हीकल चेकिंग

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद जिले के चप्पेत-चप्पे पर पुलिस की नजर

**सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी के कड़े निर्देश**



कैथल। कैथल में सार्वजनिक स्थलों पर जांच करते पुलिस कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार बम धमाके के बाद कैथल पुलिस हाई अलर्ट पर है। पुलिस ने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है, और स्निफर डॉग के साथ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसपी उपासना के निर्देशानुसार सुरक्षा की दृष्टि से जिले में चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की टीमें चौक, चौराहों सहित विभिन्न मार्गों पर नाकाबंदी कर चेकिंग कर रही है। इंटर-स्टेट व इंटर डिस्ट्रिक्ट नाको पर व्हीकल चेकिंग,पब्लिक ट्रांसपोर्ट, पार्किंग एरिया, होटल-धर्मशाला की चेकिंग की जा रही है।

#### अलग-अलग जगह नाके स्थापित

एसपी उपासना ने बताया कि जिला में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से अलर्ट कर दिया गया है। जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति की दृष्टि से इंटर स्टेट सहित अलग-अलग जगह नाके स्थापित किये गए है। कड़ी सुरक्षा को लेकर पुलिस के द्वारा संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। सभी थाना प्रबंधकों द्वारा अपनें-2 क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने हेतु भीड-भाड इलाकों में गस्त पड़ताल करने के निर्देश जारी किए गए हैं और इसके अलावा उन्हें निर्देशित किया गया कि अगर कोई संदिग्ध पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त होगी सभी थाना व क्राईम युनिट द्वारा भी इलाको में स्थित होटल, बाजारों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, धर्मशाला, गेस्ट हाउस इत्यादि को बारीकी से चेक किया जा रहा है।

#### एसपी उपासना ने आमजन से अपील

एसपी उपासना ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी संदिग्ध व्यक्ति का बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, होटल व ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस में ठहरने का पता चलता है तो इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को तुरंत दे। और इसके अलावा कहा कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व भीड़-भाड़ वाली जगहों पर कोई लावारिस वस्तु दिखाई देती है तो उसे न छुए क्योंकि इसमें कोई बम या विस्फोटक पदार्थ हो सकता है। ऐसी लावारिस वस्तुओं के बारे में तत्काल पुलिस को सूचित करें। ताकि समय रहते अप्रिय घटना होने से बचा जा सके। यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

#### दिल्ली की माकपा ने की निंदा

**कैथल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) राज्य कमेटी हरियाणा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मध्य में हुए नृशंस बम हमले की कड़ी निंदा करती है । राज्य सचिव प्रेम चंद ने कहा माकपा उन परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है जिन्होंने इस विस्फोट में अपने प्रियजनों को खो दिया है। यह एक संगठित नेटवर्क की संलिप्तता का संकेत देता है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इसका पर्दाफाश करे और सभी अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाएं।माकपा जनता के विभिन्न वर्गों से सतर्क रहने, किसी भी उकसावे में आए बिना शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील करती है।

---

# पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास विद्यार्थी प्रशिक्षण शिविर शुरू

- डीसी एवं जिला रेडक्रास सोसायटी कैथल की ओर से कार्यक्रम आयोजित



कैथल। सीटीएम गुरविंद्र सिंह जाट हाई स्कूल सोसायटी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी एवं जिला रेडक्रास सोसायटी कैथल की अध्यक्ष प्रीति कुशल मार्गदर्शन में पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर विद्यार्थी प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई। इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने किया। यह शिविर भारतीय रेडक्रास सोसायटी राज्य शाखा हरियाणा चंडीगढ़ एवं जिला रेडक्रास सोसायटी कैथल के संयुक्त तत्वाधान में 14 नवंबर तक जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया जाएगा।

सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी एक मानवतावादी संगठन है जो स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता का सिद्धांत लेकर आगे बढ़ता है। निस्वार्थ सेवा भावना हमें हमेशा महान संगठनों से प्राप्त होती है। लक्ष्य का निर्धारण करना और उस तक पहुंच बनाना हमारे जीवन का मुख्य उद्देश्य है।

---

# हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान कलायत में भाजपा का व्यापक जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चलाए जा रहे 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' अभियान के तहत सोमवार को कलायत में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम चलाया गया। इसकी अगुवाई भाजपा कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन 'काका' राणा और वाइस चेयरमैन रिषीपाल कौलेखां के साथ की।

इस दौरान टीम ने शहर के विभिन्न बाजारों में जाकर दुकानदारों से संवाद किया और उनसे 'आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प पत्र' भरवाया। राजीव राजपूत और राजकिशन राणा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य देश में बने उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना और विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता को कम करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।



कलायत। दुकानदार से स्वदेशी अपनाने की अपील करते भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत व मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा। फोटो :हरिभूमि

#### दुकानदारों ने सराहा

अभियान में प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन राणा, डॉ. हरीश, राकेश कंसल वअन्य कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों को स्वदेशी उत्पादों के महत्व के बारे में जानकारी दी और उनसे देशहित में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। दुकानदारों ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं के इस अभियान की सराहना करते हुए आगे से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का भरोसा जताया।

---

# कलायत में आवारा कुत्तों का कहर, रिक्शा चालक को काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। शनिवार शाम करीब 7 बजे, सीनियर सेकेंडरी गर्ल स्कूल कलायत के गेट के पास गऊशाला के गरीब रिक्शा चालक सत प्रकाश बैरागी पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया।

कलामत निवासी सत प्रकाश सामान खरीदकर जा रहे थे, तभी कुत्ते ने उनके पैर में दो जगह से काटकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। सत प्रकाश का पैर बुरी तरह लहूलुहान हो गया। हमले के तुरंत बाद, पास खड़े कलायत निवासी नरेश वर्मा ने तत्परता दिखाते हुए सत प्रकाश को अपनी मोटर साइकिल पर बैठाकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी वार्ड में स्टाफ नर्स ने उनके घावों की मरहम-पट्टी की और तीन टांके लगाए। उपचार के बाद नरेश वर्मा उन्हें उनके घर छोड़कर आए। सत प्रकाश बैरागी रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं।



घायल सत प्रकाश बैरागी

नरेश वर्मा, कर्मवीर आदि ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों के झुंड लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। कैथल जिले में पिछले कुछ दिनों में कुत्तों के काटने के मामलों की संख्या 16 तक पहुंच चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद, स्कूलों और अस्पतालों के पास से आवारा कुत्तों को हटाने के लिए प्रशासन की तरफ से कोई कदम नहीं उठाई जा रहे हैं। जिस पर तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है।

---

## बाबा श्याम का दरबार भक्तों के मन की सुनता है पीड़ाः तेजवीर सिंह

**पूंडरी।** गांव सगरोली में खाटूश्यामजी परिवार की ओर से आयोजित तीसरे भंडारे एवं जागरण में पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने पहुंचकर बाबा श्याम के चरणों में नमन किया। उन्होंने कहा कि हारे के सहारे के रूप में पूजे जाने वाले बाबा श्याम का दरबार भक्तों के मन की पीड़ा सुनता है और जीवन में नई रोशनी देता है। उन्होंने हल्का पूंडरी के सभी परिवारों के सुख, शांति, सेहत और समृद्धि की कामना की। तेजवीर सिंह ने कहा कि आज के समय में आध्यात्मिक आयोजन केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि समाज को जोडने और सकारात्मक ऊर्जा देने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि जहां भजन, भक्ति और भंडारे की सेवा चलती है, वहां वैमनस्य, कटुता और तनाव अपने आप दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में लोगों की आस्था ही नहीं बल्कि एक-दूसरे के प्रति आदर और स्नेह भी दिखाई देता है। जागरण में देर रात तक भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियां गूंजती रहीं।



पूंडरी। तेजवीर सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते सदस्य व पदाधिकारी।

---

# किशोर न्याय अधिनियम तथा पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी

- पुलिस अधिकारियों ने सेमिनार को अत्यंत उपयोगी बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस लाइन कैथल स्थित सभागार में मंगलवार को कैथल पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों के लिए विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में किशोर न्याय अधिनियम एवं पोक्सो एक्ट संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। सेमिनार दौरान सीडब्ल्यूसी चेयरमैन भीम सेन अग्रवाल, जेजे बोर्ड कैथल की मेंबर अंजु जिंदल व रिंकू बंसल, काउंसलर राजबीर सिंह तथा डीएसपी सुशील प्रकाश ने वहां उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर मार्गदर्शन किया। वक्ताओं ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम उन बच्चों के अधिकारों की रक्षा करता है, जो या तो कानून के साथ संघर्ष की स्थिति में आते हैं या जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त, पोक्सो एक्ट में दर्ज प्रावधानों और संवेदनशील मामलों की विवेचना करते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रिया एवं सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों से जुड़े मामलों में पुलिस का व्यवहार संवेदनशील, धैर्यपूर्ण और कानूनन सटीक होना आवश्यक है।

---

# अग्रवाल धर्मशाला नवीनीकरण के लिए सांसद जिंदल ने दी 11 लाख की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने कलायत अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला नवीनीकरण के लिए 11 लाख रुपए की सौगात दी है। इस राशि के चेक को खुद कैथल जिंदल हाउस प्रभारी रवींद्र धीमान मंगलवार को जिंदल हलका प्रभारी वीरेंद्र सारन के साथ धर्मशाला कमेटी को सौंपने पहुंचे। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जयदीप राणा, धर्मशाला प्रधान रामपाल गर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, मार्किट कमेटी प्रधान राजकिशन काका राणा, उप प्रधान रिषीपाल कौलेखां, पार्षद प्रतिनिधि अनिल कांसल, अनिल शर्मा, पवन गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, अशोक कांसल, राकेश कांसल, पूर्व पार्षद धर्मवीर गोयल, सोहन गुप्ता, संदीप मटौर, अजय प्रताप राणा, राजकुमार गुप्ता, कृष्ण सिंगला, सोहन लाल कंसल, अश्वनी मित्तल, सुभाष जिंदल, रामनिवास गर्ग पवन गर्ग, ज्ञानी राम गर्ग, प्रमोद कंसल, श्यामलाल गर्ग, रामनिवास जैन, सतीश गर्ग राजकुमार गर्ग व बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे। जयदीप राणा और राजीव राजपूत ने कहा कि अग्रवाल धर्मशाला नवीनीकरण में सहयोग की मांग सांसद नवीन जिंदल के समक्ष समाज के लोगों ने प्रमुखता से रखी थी।



कलायत। कलायत में सांसद नवीन जिंदल के माध्यम से भाजपा पदाधिकारियों व अग्रवाल धर्मशाला कमेटी को चैक सौंपते रवींद्र धीमान। फोटो :हरिभूमि

---

## प्रतिनिधिमंडल ने की डीसी से मुलाकात

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को प्रधान जगजीत फौजी की अध्यक्षता में डीसी प्रीति से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इस पर डीसी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि शहीद मुनीराम के स्मारक का अनावरण कार्यक्रम12 नवंबर को राजकीय मिडिल स्कूल ब्राह्मणी वाला में होना था। प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि 14 नवंबर को ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक कैथल में वेटरन्स सहायता केंद्र लगाया जाएगा।

---

# होंडा बाइक ने आईटीआई पूंडरी के 250 बच्चों को किया जॉब के लिए चयनित

- प्रशिक्षुओं को प्रतिमाह ₹18,061 का स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

ऑटोमोबाइल उद्योग की अग्रणी कंपनी हौंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया लिमिटेड द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), पूंडरी में जॉब मेले का सफल आयोजन किया गया। कंपनी के मानेसर प्लांट से आए एचआर प्रतिनिधि मुकेश और हिमांशु ने इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षुओं का लिखित परीक्षण और साक्षात्कार के माध्यम से मूल्यांकन किया। संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र ने बताया कि आईटीआई पूंडरी का प्लेसमेंट सेल सतत परिश्रम और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप संस्थान के प्रशिक्षुओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में उत्कृष्ट अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले माह नेस्ले इंडिया लिमिटेड द्वारा भी संस्थान की छात्राओं का चयन कंपनी में ऑन-रोल नियुक्ति हेतु किया गया है। चयनितों को ₹3 लाख तथा प्रशिक्षण उपरांत लगभग ₹5 लाख वार्षिक पैकेज प्रदान किया जाएगा।




पूंडरी। पूंडरी आईटीआई में बच्चों का साक्षात्कार लेते हुए कंपनी अधिकारी।

---




राजौंद। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली राजौंद की बेटी वंशिका के साथ अन्य।

## जेयू -जीतसु चैंपियनशिप में वंशिका को गोल्ड मेडल

**राजौंद।** राजौंद की बेटी वंशिका ने 7 वीं हरियाणा जेयू -जीतसु चैंपियनशिप ओपनीय झझर में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर अपने माता-पिता के साथ शहर व जिले का नाम रोशन किया। जानकारी देते हुए जीपीएस एकेडमी असंध के कोच तनुज कौशिक ने बताया कि उनकी एकेडमी की छात्रा वंशिका ने सातवीं हरियाणा ओपनिंग जे यू जीतसु इंस्टीट्यूट में प्रदेश स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर अपने माता-पिता के साथ शहर व एकेडमी का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि 16 वर्षीय आयु वर्ग में वंशिका ने इस प्रतियोगिता में 52 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।अब वंशिका को 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक हल्द्वानी उत्तराखंड में होने वाले नेशनल खेल प्रतियोगिता जिसमें में खेलने का अवसर मिलेगा। वंशिका के पिता सुखबीर सिंह ने बताया कि वंशिका शुरू से ही खेलों में काफी रुचि रखती है।

---

#### नगर पालिका की पहल से मिली राहत

# पूंडरी शहर से 70 बंदर पकड़कर जंगलों में छोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पूंडरी

पूंडरी में नगर पालिका प्रशासन के लगातार प्रयासों से शहरवासियों को लंबे समय से चली आ रही बंदरों की परेशानी से आखिरकार राहत मिल गई है। शहर के विभिन्न इलाकों विशेषकर हुड्डा कॉलोनी, सैनी मोहल्ला, अनाज मंडी और मुख्य बाजार में बंदरों की बढ़ती संख्या ने लोगों का जीना तक मुश्किल कर दिया था।

बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए घरों से निकलना भी जोखिम भरा हो गया था। कई बार बंदरों के काटने, भोजन छीनने और घरों में नुकसान पहुंचाने की घटनाएँ भी सामने आई थीं। अनाज मंडी व हुड्डा कालोनी में तो लोगों ने अपने घरों को झालियों से कवर किया हुआ था। स्थानीय निवासियों द्वारा बार-बार शिकायतें दर्ज करवाने और नगर पालिका अधिकारियों, जिला प्रशासन व विधायक सतपाल जांबा से गुहार लगाने के बाद नगर पालिका ने एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत दिल्ली से एक प्रशिक्षित एक्सपर्ट टीम को बुलाया गया। टीम ने लगभग 70 बंदरों को सुरक्षित रूप से पकड़कर जिला यमुनानगर क्लेशर के जंगलों में छोड़ दिया, ताकि उन्हें प्राकृतिक वातावरण में रहने का अवसर मिले।



पूंडरी। पूंडरी से पकड़े गए बंदरों को जंगल में छोड़ने के लिए ले जाते हुए।

#### आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी

नगर पालिका के सफाई एस आई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बंदरों को पकड़ने में काफी मेहनत और रणनीति की आवश्यकता पड़ी। उन्होंने कहा कि टीम का मुख्य ध्यान यह था कि बंदरों को किसी प्रकार की चोट या तनाव न पहुँचे। इसी वजह से ऑपरेशन को शांति और सावधानी से अंजाम दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में बंदरों की दोबारा बढ़ोतरी न हो, इसके लिए नगर पालिका सतर्क निगरानी व आवश्यक कदम जारी रखेगी।

शहरवासियों ने उम्मीद जताई कि इस तरह की संवेदनशील समस्याओं पर प्रशासन का यह सक्रिय रवैया आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा।

#### दिल्ली से आई टीम

लगातार शहरवासियों की बंदरों को लेकर शिकायत मिल रही थीं। जिसके बाद दिल्ली से बंदरों को पकड़ने के लिए एक्सपर्ट की टीम बुलाकर बंदरों को पकड़कर सुरक्षित स्थान जंगल में छोड़ा गया है।

**नरेश कुमार, सचिव नगरपालिका पूंडरी।**

## खबर संक्षेप

### बाजारों में पार्किंग नहीं होने से लगता है जाम

**उचाना।** बाजारों में पार्किंग नहीं होने के चलते वाहन चालकों को दुकानों के आगे सड़क पर ही अपने वाहनों को खड़ा करना पड़ रहा है। सबसे अधिक जाम की स्थिति डाकघर रोड, रेलवे रोड, लितानी रोड पर होती है। रेलवे रोड, रजबाहा रोड, डाकघर रोड पर बैंक होने के चलते यहां पर आवागमन अधिक बैंक संबंधित कामों को लेकर रहता है। यहां पर दो पहिया वाहन बैंकों के आगे खड़ा करने पर बैंक उपभोक्ता मजबूर होते है। क्योंकि बैंक के आसपास कोई पार्किंग नही है।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प में उचाना बना नंबर

**उचाना।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत पूरे प्रदेश भर में भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। घर-घर स्वदेशी हर घर स्वदेशी सहित अन्य अभियान के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर भारत बनाने के योगदान देने के लिए आह्वान किया गया। इस अभियान में अलग-अलग अंक सभी हलकों को आयोजित जागरूकता अभियान को लेकर दिए गए। उचाना हलका नंबर वन पर पूरे हरियाणा में रहा।

### मेरी रसोई को हुए दो वर्ष पूरे

**जींद।** महाभारतकालीन जयंती देवी मंदिर में जरूरतमंदों का पेट भरने के लिए चल रही मेरी रसोई को दो वर्ष पूरे हो गये। दो वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मेरी रसोई के मुख्य कर्ता एवं समाज सेवी विकास जैन ने पुजारी नवीन कुमार शास्त्री के सान्निध्य में पूजा अर्चना करते हुए संकल्प लिया की जब तक वे सक्षम है इस पुनित कार्य को जारी रखेंगे। कार्यक्रम में अभिनव जैन, इंद्रजीत कालरा, विशाल कामरा, अमित सांगवान, फूल कुमार, कृष्ण शर्मा, कर्ण सैनी, फू ल कुमार चौपड़ा, चितकार आदि मौजूद थे।

### वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूरी

**नरवाना।** हरियाणा ट्रैफिक पुलिस की नरवाना ईकाई द्वारा यातायात के नियमों के बारे में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल भीम सिंह ने स्पेशल पुलिस ऑफिसर राजेश कुमार और होमगार्ड के जवान पवन कुमार के साथ शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रघुभूषण लाल ने की। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के चलते हमारे देश में एक वर्ष में लगभग डेढ़ लाख दुर्घटनाएं होती हैं।

### शिक्षा पर ही राष्ट्र का टिका है भविष्य

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन कौंसिल व इंग्लिश डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वावधान में डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के उपलक्ष में नेशनल एजुकेशन डे के अवसर पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कन्वीर ऑफ आईआईसी डा. प्रियंका साहनी ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला सभी के लिए बहुत ही लाभकारी होगी।

### विवि लोक विधाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत

**जींद ।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में हरियाणवी लोक संस्कृति नृत्य विधाओं के विकास एवं प्रचार प्रसार के लिए युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में हरियाणवी लूर नृत्य पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने शिरकत की। इस कार्यशाला का मार्गदर्शन हरियाणा के विख्यात लोक नृत्यकार बुधराम एवं विख्यात लोक कलाकार डा. हरविंदर राणा ने मार्गदर्शन किया। प्रो. सैनी ने कहा कि यह है विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए बहुत बड़ी सौगात है।

---

*350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सीआरएसयू में हिंद की चादर लाइट एंड साउंड शो का भव्य आयोजन*

# गुरु तेग बहादुर ने मानवता व धर्म की रक्षा के लिए अपने शीश को किया कुर्बान : डा. कृष्ण मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी वह महापुरुष थे, जिन्होंने अपने शीश की कुर्बानी देकर मानवता व धर्म की स्वतंत्रता की रक्षा की थी। यह उस समय की बात है जब जुल्म, अत्याचार और भय हर ओर फैल चुका था। लोग अपने धर्म की आजादी के लिए तरस रहे थे। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मंगलवार को श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष में हिंद की चादर लाइट एंड साउंड शो के भव्य आयोजन के मौके पर स्थानीय सीआरएसयू के डा. हरिचंद मिड्ढा ऑडिटोरियम में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह, सीआरएसयू की रजिस्ट्रार लवलीन मोहन सहित सरदार करनैल सिंह निम्नाबाद, गुरजिन्द्र सिंह, बीबी परमिंद्र कौर, जोगेंद्र सिंह पाहवा, मालक सिंह चिम्हा, गुरविन्द्र सिंह चैगामा, गुरविंद्र सिंह रत्तक, यादवेंद्र सिंह, मलकियत सिंह, शमशेर सिंह सहित विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तथा विद्यार्थी व सैंकडों की संख्या में व्यक्ति उपस्थित रहे।



जींद। कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### धर्म, मानवता और राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया



डिप्टी स्पीकर ने कहा कि यह कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर जी के जीवन आदर्शों, त्याग, बलिदान और अमर विरासत को समर्पित है। गुरु जी ने धर्म, मानवता और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका बलिदान राष्ट्र की अस्मिता और एकता का प्रतीक है। गुरु जी की शिक्षा केवल इतिहास की किताब नही बल्कि भविष्य का जीवंत ब्लूप्रिंट है। जो आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देता रहेगा। इस अवसर पर प्रस्तुत की गई रंगारंग सांस्कृतिक झलकियों के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, शौर्य और मानवीय मूल्यों का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। लाइट एंड साउंड के माध्यम से उनके जीवन वृतांत को इस तरह संजोया गया। डा. मिड्ढा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हरियाणा में गत एक नवंबर से गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ की गई है। जिनका राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर को हिंद की चादर इसलिए कहा गया है। क्योंकि वे केवल सिख धर्म के नही बल्कि पूरे भारत की अस्मिता की ढाल बन गए थे। दिल्ली के चांदनी चैक में जब उन्होंने अपना शीश बलिदान किया तो वह सिर्फ अपने लिए नही बल्कि संपूर्ण मानव जाति की आजादी के लिए किया था।

---

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक

# अधिकारी विकास कार्यों की गति, पारदर्शिता और गुणवत्ता को रखें बरकरार: कुमारी शैलजा

**बैठक में सोनीपत के सांसद सतपाल तथा हिसार के सांसद जयप्रकाश सह अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मंगलवार को स्थानीय डीआरडीए हॉल में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी शैलजा ने की। बैठक में सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी तथा हिसार के सांसद जयप्रकाश सह अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत 21 एजेंडों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। सांसदों ने कहा कि विकास योजनाओं को गति, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ाया जाए ताकि योजनाओं का जनहित में अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित हो सके। सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि पेयजल, स्वच्छता, सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वच्छ भारत मिशन जैसे क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने हाईवे सुरक्षा, आपात सेवाओं की उपलब्धता और कचरा प्रबंधन जैसी जनसुविधाओं को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों की समीक्षा करते समय वर्तमान रिपोर्ट के साथ पूर्व रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया



जींद। मीटिंग में मौजूद सांसद व अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जाए ताकि योजनाओं की दिशा और प्रभावशीलता का समग्र मूल्यांकन किया जा सके। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करेंए जिससे जनता को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिल सके। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि हेल्पलाइन नंबरों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि नागरिकों को त्वरित सहायता मिल सके। साथ ही योजनाओं के प्रचार-प्रसार को व्यापक बनाते हुए पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यों की निरंतरता बनाए रखने तथा सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करने को कहा गया। महिला स्वयं.सहायता समूहों को और अधिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए चल रहे प्रयासों को सशक्त बनाने पर बल दिया गया। शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या कम करने के ठोस प्रयास हों ताकि प्रत्येक बच्चा शिक्षा से जुड़ा रहे। विद्यालयों में छात्राओं के लिए शौचालयों की समुचित व्यवस्था, मिड-डे मील की गुणवत्ता तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी जनता से संवाद बढ़ाएं, योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाएं और जनहित से जुड़े कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें।



### खोखले वादों के नाम की सरकार : शैलजा

दिशा मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत में सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि अनेकों स्कीमें बंद होने की जानकारी इस बैठक में मिली है और दिशा कमेटी ने यही निर्देश दिया है उन्हें पूरा ब्यौरा चाहिए कि कौन-कौन सी स्कीमें बंद हो गई हैं ताकि लोग गुमराह न हों। नागरिक अस्पताल में 14 करोड़ रुपये खर्च किए जाने को लेकर सांसद ने कहा कि जो पब्लिक का पैसा है, वो पब्लिक के लिए खर्च होना चाहिए ताकि आम नागरिक को सुविधाएं मिल सके। सरकार की पूरी उदासीनता है कि जनता व बिल्डिंग के प्रति। उन्होंने कहा कि यह समझ नही आया कि एक लीटर सरसो तेल की कीमत 30 रुपये है। जबकि दो लीटर लेंगे तो सौ रुपये देने होंगे। इसका लोजिक समझ नही आया है और यह गरीबों के साथ मजाक है। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरी दुनिया में क्लेम करती है कि हम 80 करोड़ लोगों को राशन दे रहे हैं लेकिन वो गरीब लोगों के साथ मजाक कर रही है। जिन लाभार्थियों को लाभ मिलना चाहिए, उनको वो मिलता नही है।

### ये रहे मौजूद

बैठक में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त एवं सीईओ जिला परिषद विवेक आर्य, डीएमसी सुरेंद्र कुमार, एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, एसडीएम दलजीत सिंह, एसडीएम जगदीश चंद्र, सीटीएम मोनिका रानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जाजनवाला के शहीद को दी श्रद्धांजलि

**जींद/नरवाना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी शैलजा मंगलवार को नरवाना खंड के गांव जाजनवाला पहुंची और जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शहीद हुए भारतीय सेना के जवान अमरजीत नैन को श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां परिजनों को सांसद ने ढांढस बंधाया और कहा कि अमरजीत नैन की वीरता और बलिदान पर पूरे देश को गर्व है। इसके बाद सांसद शैलजा ने नरवाना के हरियल टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता के मुद्दों से भाग रही है और चुनाव आते ही केवल झूठे वादे और लुभावनी बातें करने लगती है। भाजपा के नेता जनता के बीच अपने विकास कार्यों की चर्चा करने की बजाय विपक्ष पर छींटाकशी करने में लगे रहते हैं। बिहार चुनावों में भाजपा नेताओं द्वारा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है कि सत्ता पक्ष के नेता एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनका अगला मुख्यमंत्री कौन होगा लेकिन वे केवल राजनीतिक नाटक करने में व्यस्त हैं। सांसद शैलजा ने कहा कि जनता अब भाजपा की चालों को भलीभांति समझ चुकी है और आने वाले समय में महागठबंधन की सरकार बनेगी। लोगों का विश्वास है कि महागठबंधन की सरकार बनने पर प्रदेश में विकास की नई लहर दौड़ेगी। वहीं जींद में दिशा मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत में सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि अनेकों स्कीमें बंद होने की जानकारी इस बैठक में मिली है और दिशा कमेटी ने यही निर्देश दिया है उन्हें पूरा ब्यौरा चाहिए कि कौन-कौन सी स्कीमें बंद हो गई हैं।



जींद। जाजनवाला में शहीद अमरजीत नैन को नमन करते हुए।

---

# राजकीय महाविद्यालय में रिपोर्टिंग और न्यूज राइटिंग विषय पर एक्सटेंशन व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏩ जींद

राजकीय महाविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा रिपोर्टिंग और न्यूज राइटिंग विषय पर विशेष एक्सटेंशन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के जनसंचार प्रभारी डा. बलराम उपस्थित रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पत्रकारिता में रिपोर्टिंग की भूमिका, समाचार लेखन की तकनीक तथा न्यूज वैल्यू के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्टर के लिए सत्यता, निष्पक्षता और भाषा की सटीकता सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं। कार्यक्रम का संचालन जनसंचार विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. शिव कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं और उन्हें मीडिया जगत की वास्तविकताओं से जोड़ते हैं।



विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में विजेता टीम के प्रतिभागी।

### शिक्षा भारती ग्लेबल स्कूल बुडायन ने पाया पहला स्थान

**उचाना।** शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल बुडायन ने जीएसएसएस उचाना में आयोजित ब्लॉक स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य हरेंद्र कुमार ने बताया कि अंशु, साक्षी, दीपांशु एवं हर्षित की टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। शिक्षक अंकिता, ममता, सुनीता, धर्मेंद्र के नेतृत्व में प्रतियोगिता में हिस्सा लेने प्रतिभागी पहुंचे। इस तरह की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। ब्लॉकस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

- राजकीय माध्यमिक विद्यालय बरसाना में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ जींद

राजकीय माध्यमिक विद्यालय बरसाना में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और शिक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के



कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे।

शिक्षकों द्वारा मौलाना अबुल कलाम आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने ड्राइंग, पेंटिंग, सुलेख, भाषण और स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के महत्व और समाज में अपनी भूमिका को रेखांकित किया।

हिंदी उच्चारण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शुद्ध उच्चारण के साथ कम समय में अधिक शब्दों का पाठ कर अपनी भाषाई दक्षता का परिचय दिया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने पर्यावरण प्रदूषण जैसे गंभीर विषय पर अपनी भावनाओं को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में मेरे जीवन का लक्ष्य विषय पर विद्यार्थियों ने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक प्रमोद बंसल ने विद्यार्थियों को विज्ञान विषय की महत्ता के बारे में जानकारी दी। शिक्षक राजेश वशिष्ठ ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है।

---

## मोतीलाल स्कूल में पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर संपन्न एनएसएस कैंप

# एनएसएस एक कार्यक्रम नहीं बल्कि जीवन की एक शिक्षाप्रद प्रक्रिया

**इस शिविर का आयोजन युवा मित्र मंडल महिला विंग की अध्यक्षता में हुआ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का विशेष शिविर बड़ी उत्साह और सामाजिक समर्पण की भावना के साथ आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन युवा मित्र मंडल महिला विंग की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें समाजसेवा के प्रति समर्पित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में युवा मित्र मंडल की प्रधान शालू शर्मा उपस्थित रही। जबकि कार्यक्रम का संचालन और संरक्षण शशि बत्तरा के सान्निध्य में हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिविर के दौरान छात्रों ने सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण और सामुदायिक सेवा से संबंधित अनेक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सोनिया बंसल, कृष्णा, सुदेश, परवीन सिंगला, संतोष मित्तल, राजेश शर्मा और केशव तिवारी उपस्थित रहे। इन सभी ने विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के बारे में प्रेरक संदेश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के एनएसएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने की।



जींद। पौधारोपण करते हुए स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

### समाज निर्माण में अग्रणी भूमिका

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नही बल्कि जीवन की एक शिक्षाप्रद प्रक्रिया है, जो युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने का अवसर प्रदान करती है। प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और एनएसएस जैसे मंच पर उनकी सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि आज की महिलाएं केवल परिवार तक सीमित नही बल्कि समाज निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते हुए प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक छात्र को हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

### २1वीं सदी के छात्रों के लिए आधुनिक शिक्षकों की आवश्यकता : प्रो. निवेदिता

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कल्पित शिक्षक शिक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता सीडीएलयू की प्रो. निवेदिता हुड्डा रही। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष डा. कुलदीप नारा व विभाग प्रभारी डा. कपिल देव ने विभाग में पहुंचने पर स्वागत किया। प्रो. निवेदिता ने अपने व्याख्यान में शिक्षक शिक्षा के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। 21वीं सदी के विद्यार्थियों के लिए 21वीं सदी के शिक्षकों की आवश्यकता है। जो डिजिटल स्किल्स, सहानुभूति और बहुआयामी दक्षताओं से युक्त हों।